कॉरपोरेट कार्यालय के SR सेक्शन द्वारा बोनस के मामले में BSNLEU द्वारा किए जा रहे दुषप्रचार की पोल खोल दी गई। कॉरपोरेट ऑफिस, नई दिल्ली ने अपने पत्र दिनांक–06.04.2016 के द्वारा BSNLEU के GS को संबोधित करते हुए लिखा है उसका हिन्दी अनुवाद आपके सामने है जिससे सारा कुछ समझ में आ जाएगा।

सेवा में,

महासचिव
बी0एस0एन0एल0 इम्पलाईज यूनियन
नई दिल्ली।

विषयः– असहयोग आन्दोलन की सूचना से संबंधित।

आपके पत्रांक न0 यूएफ/1, दिनांक 04.04.2016 से संबंधित है जो आपके साथ–साथ दो अन्य के द्वारा हस्ताक्षरित हैं जिसमें कुछ मांगो के एवज में कॉरपोरेट, परिमण्डल तथा मण्डल स्तर पर 07.04.2016 को घरना एवम् 08.04.2016 से पूर्ण असहयोग की बात सूचित हैं–

1. यह एक अहम मुद्दा बनता है कि जब सदस्यता जॉच संबंधित अधिसूचना जारी कर दी गई है तथा चुनाव 10.05.2016 को होना सूनिश्चित है ऐसी परिस्थिति में कर्मचारियों के मुख्य घटक संघ द्वारा असहयोगात्मक आन्दोलन का प्रोग्रम ऐसे मांगो के संबंध में दिया है जिन पर प्रबंधन स्वतः गंभीर है तथा इनसे संबंघित चर्चाए कई बार संघो के साथ बैठक में ही चुकी है। इस परिस्थिति में किसी प्रकार के असहयोगात्मक आन्दोलन की सूचना पूर्णतः अतार्किक, असवैधानिक तथा निरर्थक हैं।
2. आपके उपरोक्त 04.04.2016 के पत्र में वर्गीकृत रुप में यह आरोप लगाया गया है कि CMD BSNL तथा NFTE के बीच PLI से संबंधित दो अंको वाली राशि पर एकतरफा समझौता किया गया हैं। यह आरोप पूर्णतः हास्यास्पद तथा निराधार है।

प्रबंधन द्वारा इसे गंभिरता ये लिया गया है तथा इस तरह की भाषा के प्रयोग से वंचित रहने की सलाह दी जाती है। जब BSNLEU बैठक में भाग ही नहीं लिया तो फिर यह दो अंको की समझौता वाली बात कैसे सामने आई है जबकि वास्तविकता इससे परे तथा ऐसे प्रचार कर संघ अपनी सस्ती लोकप्रियता हासिल करना चाहती हैं। पुणः ऐसे अपुक्ट खबरो से जनमानस को दिगभ्रमित नहीं करनें की सलाह दी जाती है।

जबकि सच्चाई यह है कि अब तक PLI से संबंधित कोई निर्णय हूआ ही नही हैं। बोर्ड की बैठक बहुत जल्द होने की सम्भावना है।
3. अभी सदस्यता जॉच हमारा मुख्य उददेश्य होना चाहिए न कि आन्दोलनात्मक रवैया।

कम्पनी के सार्वभौमिक हित को ध्यान में रखते हुए, जबकि सदस्यता जॉच चरम स्थिति में है, मैं प्रबंधन के माध्यम से आपसे निवेदन करता हुँ कि आप किसी असहयोगात्मक आन्दोलन की तरफ आगे नही बढे तथा सदस्यता जॉच सूचारु रुप से सम्पन्न होने में प्रबंधन को अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करें।

Addl.GM(SR)
BSNL,C.O New Delhi

NOTE:- इसके बाद दिनांक 07.04.2016 को डायरेक्टर एच0आर0डी0 से वार्ता करके आन्दोलन समाप्त कर दिया गया। चर्चा में डायरेक्टर एच0आर0डी0 ने वादा किया कि चुनाव के पहले बोनस मामले में कोई निर्णय नही किया जाएगा। ये सारी सूचनॉए BSNLEU के वेबसाईड में उपलब्ध हैं।